प्रेस नोट– जनपद मुजफ्फरनगर
दिनांक– 10.11.2024

➢ थाना खतौली पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित 02 हत्याभियुक्तगण गिरफ्तार–

दिनांक 09.11.2024 को प्रभारी निरीक्षक श्री बृजेश कुमार शर्मा थाना खतौली मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 458/2024 धारा 103(1),238 बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण 1. मुकुल पुत्र भरतवीर व 2. भरतवीर पुत्र हरपाल निवासीगण ग्राम रसूलपुर कैलोरा थाना खतौली, मुजफ्फरनगर को ग्राम खेड़ी कुरैश बस स्टैण्ड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण की निशांदेही से घटना में प्रयुक्त 01 आलाकत्ल तमंचा मय 02 खोखा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बरामद किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खतौली पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड अन्तर्राज्यीय गौतस्कर गिरोह के 04 शातिर अभियुक्तगण(01 घायल सहित) गिरफ्तार –

दिनांक 10.11.2024 को प्रभारी निरीक्षक श्री दिनेश चन्द्र थाना नई मण्डी मय हमराहीगण द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड अन्तर्राज्यीय गिरोह के 04 शातिर अभियुक्तगण 1. सन्दीप उर्फ राहुल पुत्र ब्रहमपाल निवासी ग्राम मोडी थाना तितावी, मुजफ्फरनगर हाल निवासी शनिदेव मन्दिर चरथावल रोड खान्जापुर थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर 2. लोकेश कुमार पुत्र वेदपाल निवासी काशीराम कालोनी बुढ़ाना मोड थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर 3. उपेश कुमार पुत्र कैलाश चन्द निवासी ग्राम कुटवा थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर हाल निवासी काशीराम कालोनी बुढ़ाना मोड थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर 4. दीन मौहम्मद पुत्र मुंशी निवासी ग्राम गिलासपुर थाना गागलहेड़ी जनपद सहारनपुर को कूकडी रोड से घायल/गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 03 रास गौवंश, 01 मैक अशोक लीलेन्ड नम्बर यूपी 12 एटी 1175(घटना मे प्रयुक्त), 01 फ्रीडम मोटर साईकिल नम्बर यूपी 12 के 7331 (घटना मे प्रयुक्त) व 01 तमंचा मय 02 खोखा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया है। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 535/2024 धारा 109 बीएनएस व 3/11 पशु क्रुरता अधिनियम व 3,5क/8 गौवध निवारण अधिनियम व 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **थाना खालापार पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 10.11.2024 को थाना खालापार पर नियुक्त उ0नि0 श्री गनेश शर्मा मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 1493/05/15 मु0अ0सं0 70/15 धारा 379,414 भादवि में वारण्टी अभियुक्त मौ0 तालिब पुत्र महफूज निवासी खालापार किदवईनगर नई आबादी थाना खालापार, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

➢ **थाना शाहपुर पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

दिनांक 10.11.2024 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री रविन्द्र सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 1356/09/24 धारा 323,325 भादवि में वारण्टी अभियुक्तगण 1. मुस्तकीम पुत्र तराबूदीन व 2. जाहिद पुत्र तराबूदीन निवासीगण ग्राम कसेरवा थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

➢ **थाना शाहपुर पुलिस द्वारा पानी की टंकी से सरिया चोरी के अभियोग में वांछित 02 शातिर चोर अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

दिनांक 10.11.2024 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री गजेन्द्र सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 343/2024 धारा 303(2),317(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण 1. शेर अली पुत्र तुल्लनशाह व 2. अजमत पुत्र नियात अली निवासीगण ग्राम सिरसा थाना दातागंज जनपद बदायू को मुखबिर की सूचना पर फैमिली ढाबा ग्राम तावली से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी किया गया 5345 किलोग्राम सरिया बरामद किया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शाहपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।